हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 12 नवंबर 2026

तापमान
अधिकतम 30 .0 डिग्री
न्यूनतम 11.7 डिग्री

12 छठ पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ने लगी रौनक, पूजा



12 आतिशबाजी की वजह से हवा बेहद प्रदूषित,



खबर संक्षेप

चाकू मारकर युवक की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

करनाल। थाना शहर करनाल क्षेत्र में युवक अमन की चाकू मारकर हत्या के मामले में सीआईए-3 की टीम ने मुख्य आरोपी शिवा पुत्र नफे सिंह निवासी न्यू वाल्मीकि कॉलोनी, हांसी रोड, करनाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर की शाम अमन को उसका दोस्त घर से बुलाकर करनाल लेकर आया था। इसके बाद कुछ युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। 24 अक्टूबर को अमन के पिता राजकुमार निवासी लाडवा की शिकायत पर थाना शहर करनाल में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कृष, जतिन और एक नाबालिग को पहले ही अभिरक्षा में लिया था। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान अन्य आरोपियों और उनके साथियों की भूमिका की जांच की जाएगी।

थार का शीशा तोड़कर पैसों से भरा बैग चोरी

यमुनानगर। प्रताप नगर के हंगरी विला के पास खड़ी थार गाड़ी का शीशा तोड़कर चोरों ने पैसों से भरा बैग चोरी कर लिया। बैग में एक लाख रुपये थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव ठसका खादर निवासी अमनजोत सिंह ने प्रताप नगर पुलिस थाने में थी शिकायत में बताया कि 10 नवंबर को दोपहर एक बजे वह अपनी थार गाड़ी में किसी काम से जा रहा था। दोपहर को उसने अपनी कार प्रताप नगर स्थित हंगरी विला के पास रोक ली और वह खाना खाने के लिए वहां पर रुक गया। उसने अपनी कार हंगरी विला के बाहर खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस आया तो उसकी थार कार का शीशा टूटा हुआ था और अंदर से बैग गायब था। यह देखकर वह हैरान रह गया। उसने बताया कि उसके बैग में एक लाख रुपए थे।

जमीन बंटवारे पर व्यक्ति के साथ की मारपीट

यमुनानगर। गांव संधाली में जमीन बंटवारे को लेकर व्यक्ति के साथ मारपीट करने व जबरदस्ती जहर देने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव संधाली निवासी शेंकी ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही सुमित व उसके भाई अभिषेक के साथ जमीन बंटवारे को लेकर झगड़ा चल रहा है। शेंकी ने बताया कि चार नवंबर को आरोपियों ने जमीन बंटवारे को लेकर उसके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गया।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना शाहबाद की टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी सोनू वासी एरिया थाना शाहबाद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महिला ने शिकायत में बताया कि 4 नवम्बर को उसका लड़का किसी काम से शहर गया हुआ था। घर पर उसका पोता व नाबालिग पोती थी। उसका छोटा पोता अपना काम करके जैसे ही घर पहुंचा तो दरवाजा खोलने लगा तो दरवाजा नहीं खुला, उसने दरवाजे पर लात मारकर दरवाजे को खोला तो देखा कि सोनू उसकी बहन के जबरदस्ती कर रहा था।

220 केवीए की लाइन टूटकर छतों पर गिरी

पानीपत। ज्योति नगर कॉलोनी में सुबह करीब 9 बजे शनि मंदिर के सामने वाली गली में 220 केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन टूटकर मकानों की छतों और गली में गिर गई। उस समय गली में बच्चे खेल रहे थे। तार गिरते ही लोगों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया।

पानीपत में धागा निर्माण से कालीन बुनाई और होम फर्निशिंग तक फैला उद्योग

बीस रुपये किलो के कच्चे माल से खड़ा हुआ लाखों का रोजगार तंत्र

- प्रोसेसिंग और धागा निर्माण के अलग-अलग चरणों में बढ़ती है लागत

विनोद ⏭ पानीपत

पुराने कपड़ों और टेक्सटाइल कचरे को दोबारा उपयोगी बनाकर नया धागा तैयार करने वाला पानीपत का उद्योग केवल निर्यात और कारोबार का बड़ा केंद्र नहीं, बल्कि रोजगार का भी महत्वपूर्ण आधार है। यहां कपड़ा रिसाइक्लिंग की पूरी प्रक्रिया से करीब 4.50 लाख लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। कच्चे माल की छंटाई से लेकर फाइबर तैयार करने, धागा बनाने, रंगाई, बुनाई और फिनिशिंग तक कई स्तरों पर रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। खास बात यह है कि इस उद्योग में महिलाओं की भागीदारी कुल श्रमिकों में 30 से 40 प्रतिशत हैं।



एआई जेनरेटेड

उद्योग क्षेत्र में महिलाओं की भी बढ़ी भागीदारी

रिपोर्ट का अनुमान है कि रिसाइक्लिंग क्लस्टर में काम करने वाले कुल श्रमिकों में 30 से 40 प्रतिशत महिलाएं हैं। इनमें बड़ी संख्या छंटाई, सिलाई और फिनिशिंग जैसे कार्यों से जुड़ी है। कपड़ों को अलग-अलग श्रेणियों में छांटना, उपयोगी और अनुपयोगी सामग्री की पहचान करना तथा तैयार उत्पादों को अंतिम रूप देने जैसे कामों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। धागा उत्पादन में बिजली की लागत करीब 14 से 18 रुपये प्रति किलो आंकी गई है।

क्या कहते हैं आंकड़े

कार्यक्षेत्र	अनुमानित रोजगार
धागा निर्माण	80 हजार
कारपेट और रग्स बुनाई	70 हजार
होम फर्निशिंग व फिनिशिंग	1.10 लाख
छंटाई और ग्रेडिंग	25 हजा
ररंगाई	45 हजार
क्लस्टर में कुल रोजगार	4.50 लाख

कच्चे माल से धागे तक लागत

प्रक्रिया/सामग्री	अनुमानित कीमत
मिश्रित पुराने कपड़े	20-22 प्रति किलो
सामान्य रिसाइक्लिंग इनपुट	20-40 प्रति किलो
कश्मीरी ऊन व अंगोरा	1,200-1,300 प्रति किलो
फाइबर निकालने में मूल्यवर्धन	10-15 प्रति किलो
धागा बनाने में मूल्यवर्धन	25-35 प्रति किलो
धागा उत्पादन में बिजली लागत	14-18 प्रति किलो

(स्रोतः फाउंडेशन फॉर एमएसएमई क्लस्टर्स (एफएमसी) की रिपोर्ट में दिए गए अनुमान।)

क्या कहती है एफएमसी की रिपोर्ट

फाउंडेशन फॉर एमएसएमई क्लस्टर्स (एफएमसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, पानीपत के रिसाइक्लिंग क्लस्टर में रोजगार की एक बड़ी शृंखला विकसित हुई है। धागा निर्माण में करीब 80 हजार लोग काम करते हैं, जबकि कारपेट और रग्स की बुनाई से लगभग 70 हजार लोगों की आजीविका जुड़ी है। हाई-एंड होम फर्निशिंग और फिनिशिंग के क्षेत्र में करीब 1.10 लाख लोग कार्यरत हैं। वहीं, छंटाई और ग्रेडिंग में लगभग 25 हजार तथा रंगाई के काम में करीब 45 हजार लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

कई उद्योगों को जोड़ती है शृंखला

पानीपत में रिसाइक्लिंग की प्रक्रिया केवल धागा तैयार करने तक सीमित नहीं रहती। इससे बुनाई, रंगाई, कालीन निर्माण और होम फर्निशिंग जैसे कई सहायक उद्योगों को भी काम मिलता है। यही वजह है कि टेक्सटाइल रिसाइक्लिंग यहां एक पूरी औद्योगिक और रोजगार श्रृंखला के रूप में विकसित हुई है। कच्चे माल से तैयार उत्पाद तक हर चरण में अलग-अलग कौशल और श्रम की जरूरत पड़ती है।

20 रुपये किलो से शुरू होती है प्रक्रिया

इस उद्योग का कारोबार कच्चे माल की कीमत और उसकी गुणवत्ता पर निर्भर करता है। एफएमसी की रिपोर्ट में मिश्रित पुराने कपड़ों की कीमत करीब 20 से 22 रुपये प्रति किलो बताई गई है। सामान्य रिसाइक्लिंग इनपुट की कीमत 20 से 40 रुपये प्रति किलो तक हो सकती है। वहीं, कश्मीरी ऊन और अंगोरा जैसे प्रीमियम रेशों की कीमत 1,200 से 1,300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है। कपड़ा मिलने के बाद उसकी छंटाई और प्रोसेसिंग की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, छंटाई के बाद फाइबर निकालने की प्रक्रिया में प्रति किलो करीब 10 से 15 रुपये का मूल्यवर्धन होता है। इसके बाद धागा बनाने की प्रक्रिया में 25 से 35 रुपये प्रति किलो का अतिरिक्त मूल्यवर्धन होता है।

राइस मिल में ठेकेदार की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



गांव सग्गा स्थित एक राइस मिल में दिवाली के पटाखे चलाने को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था। इस दौरान एक व्यक्ति की कस्सी से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने राम भरोसे पुत्र उपेंद्र यादव निवासी गांव छपरार, जिला दरभंगा, बिहार को पकड़ा है।। मामले की जानकारी देते हुए थाना तरावड़ी के प्रबंधक निरीक्षक जगदीश कुमार ने बताया कि बीती 8 नवंबर की रात गांव सग्गा स्थित बदरी एग्रो वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड राइस मिल में दिवाली के पटाखे चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। बताया गया कि राइस मिल में एक पक्ष के मजदूर भ_ी पर काम करते थे, जबकि दूसरे पक्ष के मजदूर धान की कुटाई वाले संयंत्र में कार्यरत थे। दिवाली के अवसर पर पटाखे चलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई।विवाद बढऩे के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच राधेश्याम नामक व्यक्ति के सिर पर कस्सी से वार कर दिया गया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण राधेश्याम की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली शिकायत के आधार पर तरावड़ी थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। निरीक्षक जगदीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राम भरोसे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि झगड़े के दौरान उसकी भूमिका और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं का पता लगाया जा सके। साथ ही पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस वारदात में अन्य कौन-कौन लोग शामिल थे।पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच अभी जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर अन्य आरोपियों के खिलाफ भी नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पिहोवा धान घोटाले में दूसरी एफआईआर, सीएससी संचालक पर केस

पत्नी के नाम पर फर्जी पंजीकरण करवा बेचे धान

भाकियू ने पिहोवा और इस्माइलाबाद क्षेत्र में करीब 100 करोड़ रुपये के धान घोटाले का आरोप लगाया

गुरुद्वारे की करीब 225 एकड़ जमीन का करवाया फसल पंजीकरण, पूरे खेल में प्रति क्विंटल 150 रुपये तक हिस्सा काटा जाता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



एआई जेनरेटेड

पिहोवा में धान खरीद से जुड़े कथित घोटाले में पुलिस ने दूसरी एफआईआर दर्ज की है। इस बार सीएससी सेंटर संचालक विजय कुमार को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर किसानों की जमीन का कथित तौर पर फर्जी तरीके से अपने नाम पंजीकरण करवाया और इसके आधार पर अनाज मंडी में धान बेच दिया। इससे पहले थाना सदर पिहोवा पुलिस आढ़ती के बेटे के खिलाफ भी मामला दर्ज कर चुकी है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने पिहोवा और इस्माइलाबाद क्षेत्र में करीब 100 करोड़ रुपये के धान घोटाले का आरोप लगाया है। संगठन की ओर से कथित घोटाले से जुड़े दस्तावेज प्रशासन को सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की गई थी। गुरुद्वारा सचखंड ईशर के सेवादार राव वरिंद्र सिंह ने मार्केट कमेटी पिहोवा को दी शिकायत में बताया था कि गुरुद्वारे की करीब 225 एकड़ जमीन का फसल पंजीकरण सीएससी संचालक विजय कुमार से करवाया गया था। आरोप है कि इस दौरान विजय ने कुछ जमीन का कथित तौर पर अवैध तरीके से अपने नाम पंजीकरण कर लिया। शिकायत के आधार पर मार्केट कमेटी सचिव चंद्र सिंह ने 3 नवंबर को पुलिस को पत्र भेजकर जांच और कार्रवाई की सिफारिश की थी। इसके साथ बैंक स्टेटमेंट, जमीन के पंजीकरण की प्रतियां और गेट पास की सूची भी भेजी गई थी। भाकियू का आरोप है कि विजय ने अपनी पत्नी के नाम पर भी फर्जी फसल पंजीकरण करवाकर धान की बिक्री की। भाकियू पिहोवा के प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने आरोप लगाया कि फर्जी पंजीकरण के आधार पर पिहोवा अनाज मंडी में मुनीम विजय और गुरमीत के माध्यम से अलग-अलग फर्मों के नाम पर धान बेचा गया। इसके बाद धान की पेमेंट मुनीमों के बैंक खातों में लेकर या नकद वापस ली गई। आरोप है कि इस पूरे खेल में प्रति क्विंटल 150 रुपये तक हिस्सा काटा जाता था।

घर ले जाने की अनुमति पर भी उठाए सवाल

भाकियू प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि धान खरीद सीजन के दौरान विजय कुमार की मार्केट कमेटी में बायोमेट्रिक मशीन पर ड्यूटी थी। वह कथित तौर पर मशीन अपने घर ले जाता था, ताकि किसानों की मंडी में मौजूदगी के बिना ही उनका बायोमेट्रिक सत्यापन किया जा सके। विजय पर डेरा बाबा मान सिंह सहित अन्य किसानों की जमीन का भी कथित रूप से धोखाधड़ी के जरिए अपने नाम पोर्टल पर पंजीकरण करवाने का आरोप लगाया गया है। भाकियू नेताओं ने दावा किया कि कुछ मामलों में किसानों की फसल खेतों में खड़ी थी, जबकि उनके जमीन के रकबे पर दर्ज धान को मंडी में पहले ही बेच दिया गया।

कई अन्य लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में

भाकियू का दावा है कि कथित घोटाले में कई आढ़ती और राइस मिलर भी शामिल हैं। संगठन ने करीब 100 करोड़ रुपये की अनियमितता का आरोप लगाते हुए व्यापक जांच की मांग की है। अब पुलिस के सामने फसल पंजीकरण, मंडी के गेट पास, बैंक खातों में हुए लेनदेन और संबंधित फर्मों की भूमिका की जांच अहम रहेगी। हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।



कुरुक्षेत्र पुलिस की निजी होटल में देर रात रेड, जुआ खेलते सात काबू

कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के दिशा-निर्देशानुसार नशीले पदार्थों की रोकथाम तथा अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में तथा डीएसपी मुख्यालय सुरेश कुमार के मार्ग निर्देश में पुलिस टीम ने निजी होटल में जुआ खेलने के आरोप में कपिन, अमरीश, कुलदीप, विवेक कुमार, साहिल संदीप तथा अर्जुन वासीयान कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके 45 हजार 410 रुपए बरामद किए हैं। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार देर रात एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सतविंदर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि एक निजी होटल में अवैध कार्य हो रहा है। सूचना मिलते ही सतविंदर सिंह चट्ठा ने अपने उच्च अधिकारी को सूचना दी। सूचना पर डीएसपी हेडक्वार्टर सुरेश कुमार के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स सेल व थर्ड गेट पुलिस चौंकी के कर्मचरियों की एक टीम का गठन किया गया। पुलिस द्वारा गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पिहोवा रोड पर स्थित एक निजी होटल में छापेमारी की। पुलिस ने जब होटल के रजिस्टर की जांच की, तो उसमें किसी भी व्यक्ति की एंट्री दर्ज नहीं मिली।

भाखड़ा नरवाना ब्रांच में मिला शव

कुरुक्षेत्र। भाखड़ा नरवाना ब्रांच नहर में दबखेड़ी के समीप करीब 20 वर्षीय युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला और पुलिस के हवाले कर दिया। युवती की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार युवती ने नीले रंग की जींस और जैकेट पहनी हुई थी। शव मिलने की सूचना गोताखोर प्रगट सिंह को फोन के माध्यम से मिली थी। उन्होंने बताया कि भैया दूज के अवसर पर वह अपनी बहन के घर गए हुए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर दबखेड़ी के समीप नहर में युवती का शव पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ शव को नहर से बाहर निकाला। प्रगट सिंह के अनुसार शव ज्यादा पुराना नहीं लग रहा था। उनके अनुमान के मुताबिक युवती की मौत करीब सात से आठ घंटे पहले हुई होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एलएनजेपी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।



रेप केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे 12.50 लाख, महिला गिरफ्तार

- थार में रुपये लेने पहुंची महिला को पुलिस ने दबोचा, नोटों पर मिले शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हनीट्रैप के मामले में करनाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को 12.50 लाख रुपये लेते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला पर निसिंग निवासी रविंद्र को रेप के मामले में फंसाने और नौकरी से हटवाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक रविंद्र ने आरोप लगाया था कि महिला ने पहले रेप केस में फंसाने की धमकी देकर रुपये मांगे। बाद में कथित समझौते के नाम पर रकम की मांग बढ़ाई गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने महिला को रुपये लेते हुए पकड़ने की योजना बनाई।मंगलवार शाम करीब छह बजे महिला रत्तक रोड बाईपास पर पहुंची। वहां रविंद्र अपनी थार गाड़ी में मौजूद था। महिला गाड़ी में बैठकर रुपये लेने लगी, तभी डीएसपी गौरवपाल राणा की टीम ने उसे पकड़ लिया। महिला के कब्जे से मिले नोटों की जांच की गई तो उन पर रविंद्र के हस्ताक्षर मिले। कार्रवाई के दौरान डीएसपी के अलावा असंध थाना प्रभारी रमेश कुमार और महिला थाना प्रभारी कनुप्रिया भी मौजूद रहीं। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। साथ ही कथित ब्लैकमेलिंग में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



कैश दिखाती महिला पुलिस कर्मी।

पराली जलाने पर कंजाला के किसान पर केस दर्ज

नारायणगढ़। सैटेलाइट से पराली जलाने की लोकेशन मिलने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कंजाला गांव के एक किसान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उपायुक्त के निर्देश पर गठित ग्राम स्तरीय कमेटी ने 9 नवंबर को लखनौरा और कंजाला गांव की सीमा पर निरीक्षण किया था। हरसैक उपग्रह से 8 नवंबर को पराली जलाने की लोकेशन मिली थी। जांच के दौरान कंजाला के किसान गुरदेव सिंह के करीब 12 कनाल 6 मरले खेत में फसल अवशेष जले हुए पाए गए। जांच अधिकारी एसआई रविंद्र कुमार के अनुसार, कृषि विभाग के सुपरवाइजर पुनीत ने जांच रिपोर्ट, चालान रसीद और खेत की तस्वीरों सहित पुलिस को शिकायत दी। इसके आधार पर किसान के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

पांच दिवसीय श्रीकपालमोचन मेले का 20 नवंबर को होगा शुभारंभ

ऋणमोचन, कपालमोचन व सूरजकुंड में स्नान से पापों से मिलती है मुक्ति

मेले में इस बार भी देश भर से करीब सात-आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। श्रीकपालमोचन तीर्थ सरोवर व तट पर बना गुरुद्वारा साहिब।

उत्तर भारत की शिवालिक पहाड़ियों में स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल कपालमोचन में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय अंतरराज्यीय मेले के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मेले का आयोजन 20 से 24 नवंबर तक आयोजित होगा। बताया जाता है कि कपालमोचन तीर्थस्थल सभी पापों से मुक्ति दिलाने वाला है। दंत कथाओं के मुताबिक कपालमोचन तीर्थ स्थल पर बने तीन पवित्र सरोवरों ऋणमोचन सरोवर, कपालमोचन सरोवर व सूरजकुंड सरोवर में स्नान करने से जहां पापो से मुक्ति मिलती है, वहीं मनुष्य जन्म-जन्म के चक्कर से छूटकर मोक्ष को प्राप्त होता है। यही वजह है कि तीर्थ स्थल पर हर वर्ष कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर देश भर से लाखों श्रद्धालु पहुंचकर पवित्र सरोवरों में स्नान करके मोक्ष की कामना करते हैं। कपाल मोचन तीर्थ स्वयं में प्राचीन इतिहास समेटे हुए है। पुराणों के अनुसार कपाल मोचन तीर्थ तीनों लोकों के पाप से मुक्ति दिलाने वाला स्थल है। इसके पवित्र सरोवरों में स्नान करने से ब्रहम हत्या जैसे महापाप का निवारण होता है। आदि काल में कार्तिक पूर्णिमा की अर्धरात्रि के समय ही भगवान शिव की ब्रहम कपाली इसी कपाल मोचन सरोवर में स्नान करने से दूर हुई थी। प्राचीनकाल से ही इस भू-भाग पर पांच तीर्थ कपालेश्वर महादेव(कलेसर)तथा चंडेश्वर महादेव (काला अम्ब) स्थित है, इनके मध्य 360 यज्ञ कुंड हैं।

सरस्वती का उद्गम स्थल है कपालमोचन तीर्थ स्थल

राजा परीक्षित के शासन काल में कलयुग के आगमन पर ऋषि मुनियों ने एक महायज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ में आहुति डालने के लिए ब्रह्मा, विष्णु एवं भगवान शिव को बुलाया गया । इस यज्ञ के सार से एक कन्या का जन्म हुआ जिसका नाम सरस्वती रखा गया। उसने ब्रह्मा जी की बुद्धि को मलिन कर दिया। अपनी पुत्री के प्रति उनकी कुदृष्टि हो गई। सरस्वती को इसका आभास होने पर वह अपनी सुरक्षा के लिए शिवालिक की पहाड़ियों में आदि बद्री के स्थान पर तपस्या लीन भगवान शिव की शरण में चली गई। ब्रह्मा जी भी सरस्वती को ढूंढते ठीक शिव की तपस्या स्थली पर पहुंच गए और उन्होंने सरस्वती को उन्हें सौंपने का आग्रह किया। परन्तु भगवान शिव के कहने पर सरस्वती आकाश की ओर चली गई तो ब्रह्मा जी का पांचवां मुख ऊपर की ओर प्रकट हो गया। इस पर भगवान शिव ने क्रोध में आकर ब्रह्मा जी के पांचवें मुख को काट दिया। इस प्रकार ब्रह्मा जी पंचानन के स्थान पर चतुरानन हो गए और भगवान शिव पर ब्रह्म कपाली का दोष लग गया तथा सरस्वती इसी स्थान से नदी के रूप में परिवर्तित हो गई।

खबर संक्षेप

खाद की कालाबाजारी के आरोप में मामला दर्ज

यमुनानगर। यूरिया खाद की कालाबाजारी करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार अकालगढ़ निवासी सतार ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव के ही असलम ने गांव कामी माजरा रायपुर में परिमाज इंटरप्राइजेज के नाम से फॉर्म बनाई हुई है। जो किसानों को मिलने वाले यूरिया खाद को फैक्ट्री में कालाबाजारी कर सप्लाई करने का काम करता है। जिससे सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है और किसानों को यूरिया खाद की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

चोरों ने सूने घर से चुराई नकदी व आभूषण

यमुनानगर। नागल से चोरों ने सूने घर में घुसकर 10 हजार की नकदी व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार गांव नागल निवासी सतनाम सिंह ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि नौ नवंबर को सुबह पांच बजे वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 10 हजार रुपये, सोने की अंगूठी, छह चांदी के सिक्के व एक चांदी की कटोरी गायब मिली। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 65 हजार रुपए है।

शिविर में 150 मरीजों दांतों की हुई जांच

यमुनानगर। जन कल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को शहर के कैंप में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 लोगों व बच्चों के दांतो की जांच कर उन्हें निःशुल्क ब्रश व टूथपेस्ट और दवाइयां दी गई। शिविर का शुभारंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष हरकेश गौतम ने किया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. विवेक व डॉ. शालिनी ने अपनी टीम के साथ मरीजों के दांतो की जांच की। उन्होंने मौके पर मरीजों को दांतो को स्वस्थ रखने के उपाय भी बताए।

सुगम यात्रा के लिए रूट प्लान का पालन करें यात्री

पिहोवा, कुरुक्षेत्र व करनाल की तरफ से कपाल मोचन मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए के लिए ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया रूट प्लान

यमुनानगर। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक राज्य स्तरीय कपाल मोचन मेला 20 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला यातायात पुलिस की ओर से विशेष रूट प्लान जारी किया गया है। खासकर पिहोवा, कुरुक्षेत्र और करनाल की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।



जिला पुलिस द्वारा मेले हेतु बनाया गया रूट प्लान।

जोड़िया से लेकर अलीपुर तक चल रहा निर्माण कार्य

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला यमुनानगर में जोड़िया से लेकर अलीपुर (कुरुक्षेत्र बॉर्डर) तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके चलते इस मार्ग को भारी और हल्के वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह बंद रखा जाएगा। ऐसे में इस रास्ते से मेला स्थल तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाने के लिए यातायात पुलिस ने वैकल्पिक रूट निर्धारित किया है। थाना यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पिहोवा, कुरुक्षेत्र और करनाल की तरफ से कपाल मोचन मेले में आने वाले श्रद्धालु पीपली से शाहाबाद, उगाला, अधोया चौक और थाना छप्पर होते हुए मेला स्थल तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित रूट का ही इस्तेमाल करें और रास्ते में यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करें।

मेले से वापसी के लिए दो वैकल्पिक रास्ते निर्धारित

यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि कपाल मोचन मेले से वापस करनाल और कुरुक्षेत्र की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। पहले मार्ग के तहत वाहन चालक शादीपुर चौक से जठलाना होते हुए रादौर के त्रिवेणी चौक तक पहुंच सकेंगे। वहीं दूसरे वैकल्पिक मार्ग के तहत श्रद्धालु करेड़ा, अलाहर, करतारपुर और पाल्लेवाला से होते हुए रादौर त्रिवेणी चौक पहुंच सकते हैं। इन दोनों मार्गों के माध्यम से वाहन चालक बिना बंद सड़क वाले हिस्से से गुजरे अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। जिला पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेले में आने और वापस जाने के दौरान निर्धारित रूट प्लान का पालन करें। अनावश्यक रूप से बंद मार्ग पर जाने से बचें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

धूमधाम से मनाया भाई और बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगा की लंबी आयु की कामना



यमुनानगर। भयादूज पर्व पर अपने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती बहन व यमुनानगर बस स्टैंड पर भैयादूज पर्व के मौके पर लगी यात्रियों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

- भैया दूज पर बस अड्डों व रेलवे स्टेशन पर दिन भर रही लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बसों की कमी होने से रही परेशानी

भैया दूज के त्योहार पर प्रशासन की तरफ से हरियाणा रोडवेज की बसों की संख्या कम रहने से आम जनता को सारा दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड से होकर गुजरने वाली राज्य परिवहन की अधिकांश बसें नदारद रही। क्षेत्र के लोग पहले से ही बसों की कमी के चलते परेशान हैं। ऊपर से भैया दूज के दिन पर क्षेत्र में बसों की संख्या नहीं बढ़ाई गई। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बहन और भाई के अटूट पवित्र प्रेम के रिश्ते का प्रतीक भैया दूज पर्व बुधवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर और कलाई पर धागा बांध कर अपने भैया की लंबी आयु की कामना की। उधर, पर्व के मौके पर रोडवेज बसों, रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों पर दिन भर भारी भीड़ जमा रही। अधिकांश भाइयों ने प्राइवेट वाहनों में जाकर अपनी बहनों से आशीर्वाद लिया। बुधवार सुबह होते ही भैया दूज के पर्व के मौके पर यमुनानगर व जगाधरी बस स्टैंड व रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ जुट गई। यात्रियों को बसों में चढ़ने व उतरने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ी। रोडवेज बसों की कम सर्विस का निजी वाहन चालकों ने जमकर फायदा उठाया। उन्होंने वाहनों में यात्रियों को ठूंस ठूंस कर तो भरा। यात्री रविश, मोहन लाल, सतीश, विरेंद्र, मोहित वर्मा, सुधीर, अंकित, सतपाल, बलजीत व सुबोध आदि ने बताया कि त्योहार के दिन रोड़वेज विभाग को अधिक बसों का इंतजाम करना चाहिए था। समाज सेवी राम सिंह, विजय मेहता ने रोडवेज विभाग से कस्बे से पर्याप्त बसों में यमुनानगर, नारायणगढ़, शाहबाद एवं अंबाला के लिए बस सर्विस की मांग की।

उपहार प्राप्त कर की लंबी उम्र की कामना

भाईदूज पर बहनों ने अपने भाइयों को लगाया टीका

- सरकार को भाई दूज व रक्षाबंधन के अवसर पर अधिक बसें चलानी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


यमुनानगर के रादौर में भाई दूज पर भाई का मुंह मीठा करवाती बहन।

रादौर क्षेत्र में बुधवार को भाईदूज का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों को टीका कर उनकी लंबी आयु की कामना की। सुबह से ही भाई अपनी बहनों को भैया दूज पर उपहार देने पहुंच रहे थे।

शहर निवासी मनीष कुमार, पवन, विजय, राजेश, संदीप सैनी, साहिल, मोहित कांबोज, मंगतराम व राजीव आर्य आदि ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर वह अपनी बहनों से टीका करवाने के लिए अपने वाहनों व बसों से जाते हैं। बसों में भीड़ होने के कारण अक्सर लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में सरकार को भाई दूज व रक्षाबंधन के अवसर पर अधिक बसें चलानी चाहिए। जिससे किसी को भी दिक्कत का सामना न करना पड़े। पंडित रिंकू शर्मा दोहली ने बताया कि भैया दूज पर बहनें अपने भाइयों को टीका करके, उनके लम्बे व खुशहाल जीवन की प्रार्थना करती हैं। भाई अपनी बहनों को उपहार प्रदान करते हैं। भैय्या दूज को भाऊ बीज, भाई दूज, भातृ द्वितीया और भतरु द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। भैया दूज भारत का एक सबसे प्रमुख और महान त्योहार है, जब बहनें अपने प्रिय भाइयों के लिए लंबे समय तक जीवित और समृद्ध जीवन प्राप्त करने के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं।

अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर दोस्ती करना पड़ सकता है भारी

- एसपी ने महिलाओं, बच्चों व नागरिकों को सोशल मीडिया पर दोस्ती करते समय सतर्क रहने के लिए किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

सोशल मीडिया पर साइबर अपराधी महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाकर ब्लैकमेलिंग की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधी फर्जी प्रोफाइल के जरिए निजी फोटो व वीडियो हासिल करके फिर ब्लैकमेल करने लगते हैं। इन वारदातों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने महिलाओं और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने लोगों से सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने और अनजान लोगों पर भरोसा नहीं करने की अपील की है। एसपी ने बताया कि आजकल साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से दोस्ती करते हैं। शुरुआत में सामान्य बातचीत और दोस्ती के जरिए विश्वास जीता जाता है। इसके बाद धीरे धीरे निजी जानकारी, फोटो और वीडियो हासिल कर लिए जाते हैं। बाद में इन्हीं तस्वीरों और वीडियो का दुरुपयोग कर पीड़ति को ब्लैकमेल किया जाता है । कई मामलों में साइबर अपराधी सामान्य तस्वीरों को एडिट करके अश्लील रूप दे देते हैं।

सोशल मीडिया पर महिला और बच्चे बरतें सावधानी

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि महिलाओं और बच्चों को सोशल मीडिया पर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। बच्चों को अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करनी चाहिए और न ही किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी निजी तस्वीरें, वीडियो या व्यक्तिगत जानकारी साझा करनी चाहिए। किसी के बहकावे में आकर वीडियो कॉल पर आपत्तिजनक गतिविधियां करना भी खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर संवेदनशीलता के साथ नजर रखने के निर्देश दिए। बच्चों के साथ ऐसा विश्वासपूर्ण माहौल बनाएं। जिसमें वे किसी भी अनजान व्यक्ति के संपर्क, संदिग्ध बातचीत या ऑनलाइन धमकी के बारे में बिना डर और झिझक के बता सकें।

सोशल मीडिया पर महिला और बच्चे बरतें सावधानी

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति निजी फोटो या वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता है तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोगों को पैसे न दें और न ही उनकी किसी मांग को पूरा करें। पीड़ति व्यक्ति को संबंधित चैट, मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया प्रोफाइल का लिंक और स्क्रीनशाट सहित सभी डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने चाहिए। इसके साथ ही संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आरोपी की प्रोफाइल की रिपोर्ट करनी चाहिए।

खंभों पर लगाए गए मीटरों के बॉक्स टूटे दुघर्टना की आशंका, ठीक करने की मांग

- प्रशासन से की उचित कदम उठाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


यमुनानगर। रादौर में खंभों पर लटका टूटा मीटर बॉक्स।

बिजली निगम की ओर से खंभों पर लगाए गए मीटर बॉक्स टूटने से बिजली के मीटर बाहर निकल गए हैं। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिसके चलते क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से इस संबंध में उचित कदम उठाए जाने की मांग की है। क्षेत्र की हर गली में खंभों पर लगे बॉक्स टूटने से मीटर की नंगी तारें खुले में झूल रही हैं। मीटर बॉक्स अधिक ऊंचाई पर न होने के चलते कोई भी बच्चा तारों को छू सकता है। जिससे लोगों के साथ कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने कई बार निगम के अधिकारियों से बिजली मीटर बॉक्स ठीक किए जाने की मांग की। परंतु बिजली निगम के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे बिजली निगम के अधिकारियों के प्रति स्थानीय लोगों में भारी रोष है। क्षेत्रवासियों प्रदीप, मनीष, दिनेश, अरूण, सचिन व रोहित आदि ने बताया कि शहर की हर गली में बिजली निगम की ओर से खंभों पर बिजली के मीटर निकाले गए हैं। परंतु बिजली के मीटर के बॉक्स टूटने से बिजली के मीटर खुले में आ जाने से लोगों की जान के साथ खेला जा रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द शहर में टूटे पड़े मीटर बॉक्स को बदला जाये। जिससे स्थानीय लोगों के साथ कोई अनचाही दुर्घटना न हो।

दूसरे चरण की जनगणना का काम 25 जनवरी से होगा शुरू

यमुनानगर। जनगणना 2027 के दूसरे चरण के कार्य का यमुनानगर जिले में 25 जनवरी को शुभारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला जनगणना के मुख्य अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। मुख्य जनगणना अधिकारी प्रीति ने बताया कि हरियाणा में जनगणना 2027 के तहत जनगणना का दूसरा चरण 25 जनवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगा।

- जिला के मुख्य जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने दी जानकारी

1 से 5 मार्च तक पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिला यमुनानगर में प्रशासन का विशेष जोर शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर रहेगा। ताकि कोई भी व्यक्ति या परिवार जनगणना से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि जनगणना शुरू होने से पहले नागरिकों को 10 से 24 जनवरी 2027 तक ऑनलाइन स्व गणना की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके तहत लोग पोर्टल पर जाकर अपने परिवार से संबंधित निर्धारित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। स्व गणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनगणना कर्मचारी घर घर पहुंचकर परिवारों और व्यक्तियों का विवरण एकत्रित करेंगे तथा आवश्यक जानकारी का सत्यापन करेंगे। मुख्य जनगणना अधिकारी एवं जिला उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल स्वरूप दिया गया है।

सूची में नाम जुड़वाने के लिए मतदाताओं को मिला एक और अवसर: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


एसआईआर के बारे में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत ऐसे मतदाताओं को अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाने का एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिन्हें गणना प्रपत्र जारी किए गए थे। लेकिन अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरे के रूप में चिन्हित होने तथा गणना प्रपत्र वापस न होने के कारण जिनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए थे। ऐसे सभी मतदाता अपने वर्तमान सामान्य निवास स्थान से संबंधित निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी के पास विधिवत भरा हुआ गणना प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने बताया कि मतदाता अपने पुराने मतदाता पहचान पत्र नंबर के माध्यम से निर्वाचन आयोग की वैबसाईट से भी अपना गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि बताया कि यदि मतदाता उसी स्थान पर रह रहा है। यदि संबंधित मतदाता नें अपना निवास स्थान नहीं बदला है तो वह भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र तथा निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक.बी) जमा करवा सकता है। यदि मतदाता हरियाणा में ही किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो गया है। ऐसे मतदाताओं को फार्म 8 जमा करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें नए पते और विधानसभा क्षेत्र का विवरण देते हुए गणना प्रपत्र के साथ निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक.सी) तथा निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा वर्तमान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी,सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी के पास यह प्रपत्र जमा करवाया जा सकता है।

जिला युवा महोत्सव के लिए 17 तक करवाएं पंजीकरण: भूपिंदर

यमुनानगर। जिला युवा महोत्सव 2026 के तहत युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक युवा 17 नवंबर तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उक्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) यमुनानगर के प्रिंसीपल भूपिंदर सिंह ने दी।

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसीपल भूपिंदर सिंह ने दी जानकारी

आईटीआई के प्रिंसीपल ने बताया कि महोत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, चित्रकारी, नुक्कड़ नाटक, काव्य लेखन एवं लोक संगीत वाद्ययंत्र प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की श्रेणी ए में भाग लेने वाले युवाओं की आयु 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रतिभागियों के लिए माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है तथा केवल जिला यमुनानगर के निवासी ही भाग ले सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक प्रतियोगिता श्रेणी में भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में ए-3 आकार के कागज पर अधिकतम 6 घंटे में चित्र बनाना होगा तथा उसके साथ 20 से 30 शब्दों का कैप्शन देना होगा। नुक्कड़ नाटक की अधिकतम अवधि 7 मिनट तथा कविता लेखन, मौलिक कविता के लिए 90 मिनट का समय निर्धारित है। लोक नृत्य एवं लोकगीत की प्रस्तुति 5 से 8 मिनट की होगी।

तैयारी नगर निगम प्रशासन ने छठ पूजा के लिए पश्चिमी यमुना नहर पर बने घाटों पर चलाया सफाई अभियान

पश्चिमी यमुना नहर के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं में नहीं रहेगी कोई कमी: प्रसाद

नगर निगम के आयुक्त ने अधिकारियों को दिए घाटों पर इंतजाम किए जाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। पश्चिमी यमुना नहर पर बने घाटों पर साफ सफाई करते हुए निगम के सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

छठ मैया की पूजा पर्व के लिए पश्चिमी यमुना नहर पर बने घाटों पर नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर इंतजाम किए जा रहे हैं। निगम के आयुक्त महाबीर प्रसाद व मेयर सुमन बहनी के निर्देशों पर घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कूड़ा कर्कट उठाया जा रहा है। इस अभियान में निगम के करीब सौ सफाई कर्मचारी घाटों पर सफाई कार्य में लगे हैं।

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि पश्चिमी यमुना नहर पर बने घाटों पर निगम के सौ सफाई कर्मचारी सफाई और व्यवस्था सुधारने में लगे हैं। इस दौरान जेसीबी, अर्थ मूविंग मशीन व लोडर सहित आधुनिक मशीनरी की मदद से नहर किनारे उबड़ खाबड़ जगहों को समतल कर श्रद्धालुओं के लिए घाट तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल व गोविंद शर्मा के नेतृत्व में निगम की टीम ने पश्चिमी यमुना नहर के चिट्टा मंदिर घाट, यमुना विहार कॉलोनी घाट, यमुना गली घाट, बाड़ी माजरा घाट व पुराना हमीदा घाट सहित विभिन्न घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान घाटों के आसपास जमा गंदगी और कूड़े के ढेर हटाए गए। नहर किनारे बने गड्ढों में मिट्टी का भराव कर उन्हें समतल किया गया। ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए घाटों और आसपास के क्षेत्रों में फागिंग भी करवाई गई। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाए गए हैं। घाटों पर कूड़ेदान भी रखवाए गए हैं। ताकि पूजा के दौरान सफाई व्यवस्था बनी रहे।

कचरा इधर उधर न फेंकने की अपील

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि छठ पूजा को देखते हुए नगर निगम की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधाएं स्वच्छता और सुरक्षा निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से पूजा के दौरान कचरा इधर उधर न फेंकने और केवल कूड़ेदान में ही डाले जाने की अपील की। उन्होंने श्रद्धालुओं से पूजा सामग्री, फूल मालाएं और मूर्तियां नहर में प्रवाहित नहीं किए जाने का अनुरोध किया। ताकि जल प्रदूषित न हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि अर्घ्य देते समय नहर में अधिक गहराई तक न जाएं और भीड़ को नियंत्रित रखने में सहयोग करें। सभी के सामूहिक प्रयासों से छठ पूजा को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

लाडवा विधानसभा क्षेत्र में नौ खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

सांसद खेल महोत्सव छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को तराशने का एक सशक्त माध्यम : राजेश सोनी



लाडवा। खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ियों से बातचीत करते डीएसपी निर्मल सिंह व खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सांसद खेल महोत्सव 2.0 के अंतर्गत धनौरा जाटान स्थित खेल स्टेडियम, बकाली के खेल स्टेडियम और संजय गांधी स्कूल में आज बुधवार को लाडवा विधानसभा क्षेत्र की 9 खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। इसके साथ-साथ लाडवा विधानसभा क्षेत्र की हॉकी की खेल प्रतियोगिताएं मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में और बॉक्सिंग की खेल प्रतियोगिताएं द्रोणाचार्य स्टेडियम में संपन्न कराई गई। खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के अवसर पर लाडवा के एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर खिलाड़ियों का परिचय लिया और प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ करवाया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण अंचल की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को तराशने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

नशे से दूर रहकर खेल मैदान से जुड़ने का आह्वान

उन्होंने बच्चों और युवाओं का आह्वान किया कि वे मोबाइल व नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेल मैदान से जुड़ें। सांसद खेल महोत्सव के लाडवा विधानसभा क्षेत्र की खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर एथलेटिक्स की 100 और 400 मीटर दौड़ में खिलाड़ियों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। 100 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में 50 व महिला वर्ग में 20 धावकों ने हिस्सा लिया। वहीं, 400 मीटर दौड़ में 42 पुरुष वर्ग व 22 महिला वर्ग ने अपनी जीत के लिए पूरा दमखम झोंक दिया। इस अवसर पर पवन गर्ग, डीएसपी निर्मल सिंह, गुढा मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, जिला महामंत्री देशराज शर्मा, हरमेश सिंह सैनी, डॉ. आशा शर्मा, सुभाष सरपंच, पूनम सैनी, थानेसर हल्का प्रभारी बलविंद्र सिंह रादौर हल्का प्रभारी सोनी कुमार, पेहवा हल्का प्रभारी जीतराम, लाडवा हल्का प्रभारी सलिंद्र कुमार और सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

ये रहा परिणाम

100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में पाहुल प्रीत ने सबसे तेज दौड़ लगाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कुशल द्वितीय व रक्षित तृतीय स्थान पर रहे वही महिला वर्ग में स्नेहा ने बाजी मारते हुए पहला, मोनिका ने दूसरा और अमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में कुशल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, आर्यन ने द्वितीय और वीरेंद्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही महिला वर्ग में स्नेहा ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए प्रथम, मोनिका ने द्वितीय और अमन भारती ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांसद खेल महोत्सव 2.0 के बारे में संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मबीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का लक्ष्य संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव से बेहतरीन खिलाड़ी तैयार करना है।

खबर संक्षेप



श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में हुई गोवर्धन पूजा

पिहोवा। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी की प्रेरणा एवं मंदिर सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में विशेष पूजन हुआ। पुरोहित पंडित कमलकांत गौतम ने विधिवत रूप से पूजन संपन्न कराया। जिसमें संत महात्माओं ने गौ माता, पशुधन, कृषि उपकरणों और मंदिर के मंदिर वाहनों के पूजन के बाद भंडारा लगाया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। तुषार सैनी ने कहा कि गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के समय से चली आ रही परंपरा है। जिसे सनातन धर्म के संत महात्मा एवं हिंदुत्व की विचारधारा से जुड़े लोग अभी तक मनाते आ रहे हैं। सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि अन्न, धन, पशु, कारोबार की वृद्धि को लेकर प्रत्येक वर्ष संत महात्माओं के सानिध्य में यहां गोवर्धन पूजा की जाती है।

धूमधाम से मनाया भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व 'भैया दूज'

बहनों ने भाइयों के माथे पर सजाया तिलक, की सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भाई बहन के पवित्र प्रेम का त्योहार भैया दूज शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर की सड़कों पर वाहनों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। लोग बसों का इंतजार करते दिखे। भैया दूज को देखते हुए परिवहन विभाग ने विशेष व्यवस्था की हुई थी। हालांकि ज्यादातर लोगों ने अपने निजी वाहनों का प्रयोग किया। दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा छा गया। शाम होने के बाद एक बार फिर सड़कों पर वाहन रेंगते दिखाई दिए। सड़कों पर वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए पुलिस महकमा चौकन्ना दिखा। हर चौक चौराहों पर पुलिस कर्मी मुस्तैद दिखे। बहनों ने मायके पहुंचकर भाइयों की पूजा अर्चना कर उनके लिए मंगल कामना की। त्योहार के चलते पूरे दिन बाजारों में भी रौनक छाई रही। सबसे ज्यादा भीड़ मिष्ठान भंडारों पर देखी गई। इस पर्व को यम द्वितीया भी कहते है। भैया दूज पर बहनों ने अपने भाइयों को टीका कर उनके लंबे व खुशहाल जीवन की कामना की। प्रोफेसर कॉलोनी में भैया दूज का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रोफेसर कॉलोनी की शिक्षिका व समाजसेवी ममता भटनागर ने बताया कि भैया दूज का त्यौहार प्रेम और



कुरुक्षेत्र। भाई को तिलक लगाती बहन।

विश्वास के बंधन को दर्शाता है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का यह पर्व कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितिया को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाती हैं और भगवान से उन्हें लंबी उम्र देने की प्रार्थना करती हैं। इस दिन भाई को शुभ मुहूर्त में तिलक लगाना बेहद शुभ होता है। मान्यता है कि यम द्वितिया के दिन भाई-बहन को हाथ पकड़ कर यमुना नदी में स्नान करना चाहिए। ऐसा करने से भाई को दीर्घ आयु और बहन को सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन ही नरकासुर का वध करके लौटे भगवान श्री कृष्ण का विजय तिलक उनकी बहन सुभद्रा ने किया था।

प्रेरणा वृद्धाश्रम में सदस्यों को लगाया तिलक



प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भाई बहन के प्यार का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया थानेसर। अपनों द्वारा ठुकराए जाने तथा घरों से निकाले गए बुजुर्गों को प्रेरणा वृद्धाश्रम में आश्रय लेने के बाद कभी अकेलेपन का अहसास नहीं होता है। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए प्रेरणा संस्था के सदस्यों के प्रयासों से हर त्यौहार विशेष ही होता है। इसी लिए हर बार की भांति भाई बहन के प्यार का त्यौहार वृद्धाश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि भैया दूज के पावन पवित्र त्यौहार पर वृद्धाश्रम में रहने वाली सभी बुजुर्ग माताओं एवं बहनों ने प्रेरणा संस्था के सभी सदस्यों को तिलक किया तथा मिठाई से उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर श्याम सुंदर, प्रेम कुमार, बाला देवी, दीवान चंद, फूला रानी, ऊषा सच्चर, संतोष, बीरमति, बलविंदर, क्षमा, विजयलक्ष्मी, जोगिंदर, चंद्रकांत, ठक्कर श्रीवास्तव, अजीत, अशोक, भोला व बिशम्मर इत्यादि भी मौजूद रहे।

पिहोवा में भी धूमधाम से मनाया भाई-बहन के प्रेम का पर्व



पिहोवा। भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट रिश्ते का प्रतीक भाई दूज का पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर बहनों ने अपने छोटे भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि, लंबी आयु और खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा करने और हमेशा साथ निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाई-बहनों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

एचआईवी की सुरक्षित कैटेगरी पाने वाला कुरुक्षेत्र प्रदेश का पहला जिला : सेतिया



कुरुक्षेत्र। बैठक को संबोधित करते अतिरिक्त उपायुक्त पंकज सेतिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त पंकज सेतिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एचआईवी के मामले में सुरक्षित कैटेगरी प्राप्त करने वाला कुरुक्षेत्र जिला हरियाणा प्रदेश का पहला जिला है। यह जिले के स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और आमजन की जागरूकता का परिणाम है। अब विभाग का अगला लक्ष्य कुरुक्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर एचआईवी की सुरक्षित प्लस कैटेगरी में शामिल करना है, जिसके लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त पंकज सेतिया बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एचआईवी की वर्तमान स्थिति, रोकथाम के उपायों और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि चालू वर्ष में विभाग द्वारा अब तक कुल 10085 नागरिकों की एचआईवी जांच की गई है। यह जांच सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आईसीटीसी सेंटरों पर की गई है। इनमें से 162 व्यक्ति पॉजिटिव पाए गए हैं। राहत की बात यह है कि सभी 162 मरीजों को तुरंत एआरटी (एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी) सेंटर से जोड़ा गया है और उनका निशुल्क इलाज और परामर्श निरंतर जारी है। किसी भी मरीज को इलाज में कोई परेशानी न हो, इसके लिए विभाग द्वारा फॉलोअप भी किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त पंकज सेतिया ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालयों में इस एक्ट का पालन सुनिश्चित करें और लोगों को इसके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डा. रमेश सबरवाल, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और टास्क फोर्स के सदस्य मौजूद रहे।

भैया दूज के पावन पर्व पर सीएम ने प्रदेश की बेटियों और बहनों को दिया तोहफा : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने हरियाणा सरकार द्वारा श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह पर 1,01,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना को सराहनीय एवं जनकल्याणकारी पहल बताते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भैया दूज के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की बेटियों और बहनों को 1.01 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के रूप में एक बड़ा तोहफा दिया है। यह निर्णय बेटियों के सम्मान, स्वाभिमान और उनके सुखद भविष्य के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंवलजीत कौर ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय आर्थिक रूप से कमजोर एवं श्रमिक परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। बेटी की शादी हर परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होता है, लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के चलते कई परिवारों को 'परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार द्वारा दी जा रही 1,01,000 रुपये की आर्थिक सहायता



जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ा संबल साबित होगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 51,000 रुपये कन्यादान तथा 50,000 सुपुत्री विवाह वित्तीय सहायता के रूप में दिए जाने का प्रावधान है। इससे न केवल परिवारों को आर्थिक सहयोग मिलेगा, बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ावा मिलेगा। जिला परिषद चेयरपर्सन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

धूमधाम से मनाया यम द्वितीया का पर्व

कुरुक्षेत्र। जग ज्योति दरबार में त्यौहार एवं उत्सव के अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी के मार्गदर्शन में आध्यात्मिक दृष्टि से पूजन एवं अनुष्ठान विशेष होता है। बुधवार को जग ज्योति दरबार में यम द्वितीया का



पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट विश्वास के प्रतीक पर्व यम द्वितीया के अवसर पर जग ज्योति दरबार में विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। महंत राजेंद्र पुरी और अन्य संतों के पावन सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन किया गया तथा हवन में पूर्ण आहुतियां दी गई। यम द्वितीया पर्व के विशेष अवसर पर दरबार में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माथा टेका और हवन में आहुति डालकर अपने भाई-बहनों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

पाडलु में लाखों रुपये से बनी गली जनता को समर्पित

- चेयरमैन सुभाष कलसाना ने बेटी से फीता कटवाकर कराया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

गांव पाडलु में लाखों रुपये की लागत से नवनिर्मित गली का लोकार्पण हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव की एक बेटी से फीता कटवाकर नई गली ग्रामीणों को समर्पित की। बेटी के हाथों लोकार्पण करवाकर उन्होंने समाज में बेटियों के सम्मान और उनकी भागीदारी का संदेश भी दिया। इस अवसर पर चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि गांव पाडलु के लोगों की इस गली के निर्माण की मांग काफी समय से चली आ रही थी। ग्रामीणों की जरूरत को देखते



शाहबाद। नई गली का लोकर्पण करते चेयरमैन सुभाष कलसाना।

हुए मार्केटिंग बोर्ड अंबाला की ओर से टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से इस गली का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार विकास और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक गांव और शहर में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएं और आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे मांग

गांव के सरपंच रणजीत सिंह ने चेयरमैन सुभाष कलसाना का गांव पहुंचने पर स्वागत किया और गली निर्माण के लिए सरकार तथा संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस गली की ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे, जिसके पूरा होने से गांव के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य संदीप सिंह, पार्षद दीपक आनंद, अधिवक्ता मनदीप रावा, मेहल सिंह, जसबीर सिंह, जोरा सिंह, परमजीत सिंह, दिनेश कुमार, मेजर सिंह, सुखचैन सिंह, गुरप्रताप सिंह, जीवन सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

मानव जीवन में श्रद्धा और संस्कार का प्रकाश सदैव आलोकित रहना चाहिए : डॉ. श्रीप्रकाश



कुरुक्षेत्र। दीपोत्सव में धर्म, दर्शन, साहित्य, लोकजीवन, व्यापार, कृषि, राजसत्ता और सामाजिक उत्सव की परंपराएं एक साथ दिखाई देती हैं। यह अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा, अज्ञान पर ज्ञान की स्थापना का सांस्कृतिक प्रतीक है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन एवं राष्ट्र प्रेम मंच द्वारा दीपोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित पंच दिवसीय कार्यक्रम के विराम अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। वैदिक यज्ञ में युवा समाजसेवी मंजीत एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सोनिका बतौर मुख्य यजमान उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा दीपोत्सव का असली अर्थ केवल मिट्टी या तेल के दीये जलाना नहीं है, बल्कि मन और बुद्धि में बैठे अज्ञान, कुसंस्कार, लोभ और स्वार्थ रूपी अंधकार को मिटाकर सद्गुणों और ज्ञान का प्रकाश फैलाना है। दीपोत्सव केवल दीपों का उत्सव नहीं, अपितु हमारी सनातन संस्कृति की उस अमर आस्था का प्रतीक है, जो प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन की मंगल स्मृति को युगों युगों से अपने हृदय में संजोए हुए है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि जीवन में श्रद्धा, सेवा, संस्कार और सद्भाव का प्रकाश सदैव आलोकित रहना चाहिए। कार्यक्रम में हरको बैंक के निदेशक सुभाष बेदी, हिंदुस्तान मेडिकल लैब के प्रबंध निदेशक रामचंद्र सैनी, डॉ. महिपाल सिंह, समाजसेवी अशोक शर्मा बतौर अतिविशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे और दीपोत्सव पर अपने विचार व्यक्त किए। आभार ज्ञापन मातृभूमि शिक्षा मंदिर के प्रभारी भागवत स्वरूप ने किया। कार्यक्रम में एडवोकेट गुलशन, रणजीत सैनी, रामेश्वर यादव, सुरेंद्र कुमार, डॉ. सुनील कुमार, कृष्ण कौशिक, जगत राम सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

केडीबी के सीईओ ने तीर्थ समिति अध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक, विकास कार्यों की प्रगति पर किया मंथन

48 कोस कुरुक्षेत्र के तीर्थ स्थलों का विकास और रखरखाव होगा बेहतर

साफ-सफाई, बिजली, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए समितियों व ग्राम पंचायतों को आपसी समन्वय से काम करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के अंतर्गत पिहोवा खंड के विभिन्न तीर्थ स्थलों के समुचित विकास, रखरखाव एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुधवार को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मीडिया हॉल में संबंधित तीर्थ समिति अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बुधवार को जिला परिषद कुरुक्षेत्र एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तीर्थ स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों को लेकर मंथन हुआ। बैठक के दौरान तीर्थ समिति अध्यक्षों, ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिवों ने भाग लिया। तीर्थ स्थलों



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया, 48 कोस तीर्थ विकास एवं निगरानी समिति के चेयरमैन रविन्द्र सांगवान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

के संरक्षण एवं संवर्द्धन बारे उनसे सुझाव लिए गए। बैठक में 48 कोस तीर्थ विकास एवं निगरानी समिति के चेयरमैन रविन्द्र सांगवान, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पिहोवा विवेक कुमार तथा एसडीओ (प. राज) एवं केडीबी के सम्पदा प्रबंधक ईश्वर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संबंधित तीर्थ स्थलों पर करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त तीर्थ स्थलों पर साफ-सफाई, रखरखाव, विद्युत व्यवस्था, सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध करवाई जा रही अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि हमारी धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है।

विकास कार्यों की नियमित निगरानी के आदेश

इस पवित्र भूमि के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों का संरक्षण एवं समुचित विकास करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए सभी संबंधित विभागों, तीर्थ समितियों एवं ग्राम पंचायतों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि तीर्थ स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखना सुनिश्चित करें। तीर्थ स्थलों के रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और विकास कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। 48 कोस तीर्थ विकास एवं निगरानी समिति के चेयरमैन रविन्द्र सांगवान ने कहा कि मुख्यमंत्री श्रनायब सैनी के निर्देशानुसार तीर्थ स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए सभी संबंधित समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और विभागीय समन्वय के लिए बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों की धार्मिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए इनके विकास एवं व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर बनाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

मारपीट में दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

अंबाला। पुलिस ने हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता हरप्रीत सिंह ने 9 नवंबर को बताया था कि आरोपी मनकरण प्रीत सिंह, तरूण आनंद तथा अन्य ने उसे व उसके भाई पर हथियारों, डंडों से हमला करके चोटें पहुंचाई है। पुलिस ने दो हमलावरों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान मनकरण प्रीत सिंह व तरूण आनंद के रूप में हुई है।

वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाने का मौका

अंबाला। जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरे) श्रेणी में चिह्नित ऐसे मतदाता, जिनके गणना फॉर्म प्राप्त नहीं होने के कारण नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाने का एक और अवसर दिया गया है।

कानूनी जागरूकता शिविर लगाया

अंबाला। हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार अंबाला शहर के बस स्टैंड पर एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस के उपलक्ष्य में लगाया गया था। जागरूकता शिविर में जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के लीगल एड काउंसिल साहिल आर्य ने मुख्य रिसोर्स पर्सन (स्रोत व्यक्ति) के रूप में शिरकत की और शिविर का संचालन किया।

विज आज सुनेंगे लोगों की समस्याएं

अंबाला। उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज 12 नवंबर वीरवार को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं दोपहर 12 से 2 बजे तक सुनेंगे। केवल अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोग अपनी समस्या लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उनसे मिलकर अपनी समस्या रख सकते हैं।

53 लाख की ठगी करने वाला आरोपी चढ़ा हत्थे

अंबाला। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने विदेश भेजने के नाम पर 53 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी सहायक उप-निरीक्षक जसमिंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता बलविंद्र सिंह ने 15 सितंबर 2026 को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 10 अप्रैल 2024 से 29 सितंबर 2026 के मध्य आरोपी कपिल ने उनके पुत्र व पुत्री को विदेश वर्क परमिट/स्टडी वीजा भेजने का झांसा देकर धोखाधड़ी से 53 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपी ने न तो बच्चों को विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए।

गंदा पानी पीने को मजबूर लोग

अंबाला। गांव कक्कड़ माजरा से चतान रोड पर स्थित मोहल्ले के करीब 30 परिवार पिछले 25 दिनों से गंदा पानी इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। घरों में बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। इससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग को कई बार ऑनलाइन शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। चतान रोड पर कच्ची नाली के नीचे से पीने के पानी की पाइप लाइन गुजर रही है। ग्रामीणों के अनुसार, यह पाइप लाइन 25 दिन पहले लीक हो गई थी। इसके बाद से घरों में पेयजल के साथ गंदा पानी पहुंच रहा है।

पर्व को लेकर रेलवे स्टेशन पर रोज बढ़ रही यात्रियों की भीड़

छठ पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ने लगी रौनक, पूजा की तैयारियों में जुटे प्रवासी

- अगले तीन दिनों में फल, गन्ना, शकरकंदी, गीले नारियल और दीयों सहित अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। छठ पूजा को लेकर बाजार में खरीदारी करती महिलाएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

छठ पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। पर्व में कुछ दिन ही शेष हैं, ऐसे में लोगों ने पूजा की तैयारियों के साथ खरीदारी भी शुरू कर दी है। बाजारों में छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले बांस के सूप, टोकरे और सूखे नारियल की मांग बढ़ने लगी है। हालांकि, अभी खरीदारी शुरुआती दौर में है और अधिकांश ग्राहक सामान की कीमतों व उपलब्धता का जायजा ले रहे हैं।

दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए पूजा सामग्री का स्टॉक मंगवाना शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि अगले दो से तीन दिनों में फल, गन्ना, शकरकंदी, गीले नारियल और दीयों सहित अन्य पूजन सामग्री की आवक बढ़ने के साथ बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ेगी। दुकानदारों के अनुसार, छठ पर्व के नजदीक आने के साथ बाजारों में खरीदारों की संख्या बढ़ेगी। अगले दो से तीन दिनों में गीले नारियल, फल, गन्ना, शकरकंदी, दीये और पूजा से जुड़ी अन्य सामग्रियों का पूरा स्टॉक उपलब्ध हो जाएगा। इसके बाद बाजारों में खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना है।

दुकानदार नरेंद्र सिंह ने बताया कि छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए तैयारियां की जा रही हैं। फिलहाल दुकानों पर पूरा सामान नहीं आया है और स्टॉक लगातार पहुंच रहा है। अभी बड़ी संख्या में ऐसे ग्राहक आ रहे हैं, जो सामान की दरें और उपलब्धता पूछकर जा रहे हैं, ताकि पर्व के नजदीक आने पर उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि कई श्रद्धालु ऐसे भी हैं, जो अग्रिम खरीदारी के तहत सूखा नारियल, सूप और टोकरा खरीद रहे हैं। इन वस्तुओं की आवक के साथ ही बिक्री भी शुरू हो गई है। दुकानदार दीपक ने बताया कि बाजार में छठ पूजा के मुख्य सामान की कीमतें तय हैं। उनके अनुसार सूखा नारियल 60 रुपये प्रति पीस, बांस का सूप 150 रुपये प्रति पीस और बांस का टोकरा 200 से 250 रुपये तक में मिल रहा है। पर्व के दिन नजदीक आने के साथ ही पूजा सामग्री की मांग और बढ़ने की उम्मीद है।

बाल-बाल बची महिला

त्योहारों और विशेष ट्रेनों के संचालन के दौरान रेलवे स्टेशनों पर बढ़ रही भीड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था की एक बेहद सराहनीय तस्वीर सामने आई है। सरहिंद-सहरसा विशेष ट्रेन के अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहुंचते ही एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चलती ट्रेन से नीचे उतरने के प्रयास में एक महिला यात्री अपने बच्चे सहित संतुलन खो बैठी। इससे वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खाई में गिरने वाली थी।ठीक उसी समय मौके पर तैनात आरपीएफ की महिला सिपाही ने तुरंत महिला को अपनी तरफ खींच लिया ताकि वो ट्रेन के नीचे न आ जाए। इससे महिला व बच्चे दोनों की जान बच गई। घटना के बाद सहमी हुई महिला यात्री ने महिला आरपीएफ कर्मी का हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया।

यूपी-बिहार जाने के लिए यात्री परेशान

छठ पर्व पर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपने घर जाने की चाह में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नियमित ट्रेनों में सीटें फुल होने और भीड़ के चलते कई ट्रेनें छोड़ने के बाद यात्रियों को निजी एसी बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। घर पहुंचने की बेताबी में लोग दो हजार से ढाई हजार रुपये तक किराया चुकाकर सफर करने को मजबूर हैं जबकि ट्रेनों में यह किराया 300 से दो हजार तक लगता है। उधर अंबाला डिपो की ओर से बिहार के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं होने से यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। छावनी बस स्टैंड से रोजाना करीब 18 निजी एसी बसें बिहार और यूपी के विभिन्न जिलों के लिए रवाना हो रही हैं। हरियाणा रोडवेज डिपो की एकमात्र बस लखनऊ तक संचालित होती है, जो प्रतिदिन दोपहर 3 बजे रवाना होती है। यहां से संचालित निजी एसी बसें बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों को सीधे जोड़ रही हैं। इनमें बिहार के पटना, गया, मधुबनी और पूर्णिया सहित अन्य जिलों के लिए बसें उपलब्ध हैं।

भैया दूज त्योहार का जश्न बाजारों में भी रही रौनक



अंबाला। बाजार में भैया दूज पर मिठाई खरीदते लोग। फोटो : हरिभूमि

बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र के साथ सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाई-बहन के स्नेह और अटूट रिश्ते का प्रतीक भैयादूज का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। त्यौहार को लेकर बाजारों में खूब रौनक रही। बहनें भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के लिए पूजन सामग्री, मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी करती नजर आईं। रोली, अक्षत, सूखा नारियल (गोला) और मिठाई की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही।

भैयादूज के पूजन के लिए बहनों ने तिलक की थालियां सजाने का सामान खरीदा। बाजारों में रोली, चंदन, अक्षत, कलावा, दीये, धूप-बत्ती और मिश्री की खूब बिक्री हुई। सूखे नारियल की मांग भी अधिक रही। बहनों ने भाइयों को भेंट देने के लिए नारियल और मिश्री की खरीदारी की। दुकानदार नरेश कुमार ने बताया कि त्योहार को देखते हुए सूखे नारियल और पूजन सामग्री के विशेष पैकेट भी तैयार किए गए थे, जिन्हें ग्राहकों ने पसंद किया। भैयादूज पर भाइयों का मुंह मीठा कराने के लिए बहनों ने मिठाइयों की खरीदारी भी की। शहर की मिठाई दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। पारंपरिक मिठाइयों के साथ बेसन और ड्राई फ्रूट्स के लड्डुओं की मांग अधिक देखने को मिली। मिठाई विक्रेताओं ने भी त्योहार को लेकर विभिन्न प्रकार की मिठाइयां तैयार कीं। वहीं, भाइयों को उपहार देने के लिए बहनों में खासा उत्साह रहा। कपड़ों की दुकानों, गिफ्ट शॉप और अन्य बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ नजर आई। त्योहार को लेकर बाजारों में खरीदारी का माहौल बना रहा।

आतिशबाजी की वजह से हवा बेहद प्रदूषित, एक्यूआई 300 पार



अंबाला। नेशनल हाइवे पर सुबह धुंध का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

- चिकित्सकों ने लोगों को अलर्ट किया, खांसी-जुकाम व आंखों में जलन जैसी बीमारियां बढ़ा सकती हैं मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दीपावली पर हुई आतिशबाजी की वजह से हवा को फिर से प्रदूषित कर दिया है।बुधवार को एक्यूआई 300 पार कर गया। हवा की गति धीमी होने और वातावरण में धुंध छाने से प्रदूषक कण जमीन के करीब जमा हो रहे हैं। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 276 पर पहुंच गया, जो खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी, सूखी खांसी और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बच्चों, बुजुर्गों और सांस व हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, बीते पांच दिनों में जिले की वायु गुणवत्ता में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। 6 नवंबर को एक्यूआई 271 और 7 नवंबर को 270 दर्ज किया गया। दीपावली के दिन 8 नवंबर को यह बढ़कर 300 पर पहुंच गया जो बहुत खराब श्रेणी में रहा। इसके बाद 9 नवंबर को हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ और एक्यूआई 189 के मध्यम स्तर पर आ गया। मंगलवार 10 नवंबर को प्रदूषण फिर बढ़ गया।

बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बढ़ा

अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल की ओपीडी में सांस संबंधी बीमारियों, सूखी खांसी, सीने में जकड़न और आंखों में लालिमा के मरीजों की संख्या में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखी जा रही है। नागरिक अस्पताल के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अमन सैनी ने बताया कि एक्यूआई का स्तर 200 से ऊपर पहुंचना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। इस मौसम में अस्थमा, सीओपीडी और हृदय रोगियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि सुबह और देर शाम सैर करने से बचें। बाहर निकलते समय एन-95 या उच्च गुणवत्ता वाला मास्क पहनें।

फॉर्च्यूनर चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

अंबाला। अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर सुल्तानपुर चौक के पास सुबह तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के कार्तिक राणा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एएसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि कार्तिक नोएडा की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। सुबह बाइक से नोएडा जा रहा था। बिलासपुर पुलिस लाइन क्वार्टर में रहने वाला कार्तिक राणा सुबह करीब 11 बजे अपनी रॉयल एनफील्ड बाइक पर सवार होकर नोएडा के लिए निकला था। जैसे ही वह अंबाला शहर के सुल्तानपुर चौक के पास पहुंचा, सामने से आ रही सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक गफलत और तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार्तिक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे एंबुलेंस के जरिये सिटी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। कार्तिक के मामा मदन लाल परिजनों के साथ अंबाला पहुंचे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ चौक से लेकर जंडली फ्लाईओवर तक लगेंगी सजावटी लाइटें

- नगर निगम ने दो सड़कों के सौंदर्यीकरण की तैयार की योजना करीब चार करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मानव चौक से दीन दयाल उपाध्य तक वाली सड़क। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर की दो प्रमुख सड़कों के डिवाइडर जल्द नए रूप में नजर आएंगे। नगर निगम ने मानव चौक से पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक से जंडली फ्लाईओवर तक डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की है। दोनों प्रोजेक्ट पर करीब 3.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यहां सजावटी लाइटें लगाने के साथ चंपा, बॉटल पाम, वाशिंगटनिया पाम और गोल्डन जुनिपर जैसे पौधे लगाए जाएंगे। डिवाइडरों की मरम्मत, नए किनारे बनाने और रात में सड़क की दिशा स्पष्ट दिखाने के लिए रिफ्लेक्टिव रोड स्टड भी लगाए जाएंगे।

दोनों कार्यों के लिए नगर निगम ने 16 नवंबर तक टेंडर आमंत्रित किए हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक से जंडली फ्लाईओवर तक डिवाइडर के सौंदर्यीकरण पर 1 करोड़ 97 लाख 23 हजार रुपए खर्च होंगे। इस हिस्से में चंपा, फाइकस, टर्मिनेलिया, बॉटल पाम और वाशिंगटनिया पाम जैसी प्रजातियों के 350 बड़े पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा 50 बोगनवेलिया के पौधे भी लगाए जाएंगे। सजावटी लाइटें लगाने के लिए 3500 मीटर भूमिगत बिजली केबल और इतनी ही लंबाई में सुरक्षा पाइप बिछाए जाएंगे।

इसके अलावा टेंडर के अनुसार, बिजली व्यवस्था के लिए 39 अर्थिंग प्वाइंट, 10 एमसीसीबी और 136 एमसीबी भी लगाई जाएंगी। दूसरे प्रोजेक्ट के तहत मानव चौक से पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक और आसपास की सेक्टर डिवाइडिंग सड़कों के डिवाइडरों का सौंदर्यीकरण होगा। इस पर 2 करोड़ 2 लाख 44 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे।

यहां 700 बड़े पौधों के साथ 500 कनेर और 1000 बोगनवेलिया के पौधे लगाए जाएंगे। इनकी देखभाल भी एक साल तक ठेकेदार को करनी होगी। इस मार्ग पर 1560 रिफ्लेक्टिव रोड स्टड और 250 मेटल डिलिनेटर लगाए जाएंगे। सजावटी लाइटों के लिए 4000 मीटर भूमिगत बिजली केबल और इतनी ही लंबाई में सुरक्षा पाइप बिछाए जाएंगे।

मरम्मत और नए किनारे भी बनेंगे

दोनों प्रोजेक्ट के टेंडर में सेंट्रल वर्ज यानी डिवाइडर की जमीन समतल करने, पुरानी खराब कंक्रीट हटाने और जरूरत के अनुसार नई कंक्रीट बिछाने का काम भी शामिल है। कुल 11,790 वर्ग मीटर क्षेत्र में जमीन की सतह समतल की जाएगी। करीब 29.82 घन मीटर पुरानी कंक्रीट तोड़ी जाएगी और 46.83 घन मीटर नई कंक्रीट बिछाई जाएगी।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव में प्रतिभा दिखाने का मौका, युवाओं से भाग लेने का आह्वान

बराड़ा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बराड़ा एट होली की ओर से ब्लॉक के युवाओं से जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2026 में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 19 व 20 नवंबर को अंबाला शहर में किया जाएगा। महोत्सव की अध्यक्षता उपायुक्त सचिन गुप्ता करेंगे। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि महोत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का



अंबाला। आईटीआई होली का बाहरी दृश्य।

प्रदर्शन कर सकते हैं। इनमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन और समूह लोक वाद्य संगीत प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 4100, 3100 और 2100 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवाओं का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

बुनियादी सुविधाएं | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जारी किया फंड

सरकारी स्कूलों पर 2.21 करोड़ रुपये होंगे खर्च

- जर्जर कमरों के निर्माण के साथ छात्रों को बेहतर सुविधाओं पर खर्च की जाएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



जिले के सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने वर्ष 2026-27 के लिए 2.21 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया है। यह राशि जिले के छह खंडों में स्थित प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों को छात्र संख्या के आधार पर आवंटित की गई है। अनुदान से स्कूलों में स्वच्छता, शिक्षण सहायक सामग्री, भवनों की मरम्मत और अन्य जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। जिले के कुल 607 प्राथमिक और 144 माध्यमिक विद्यालयों को इस ग्रांट का लाभ मिलेगा। जारी बजट के तहत अंबाला-I खंड के 145 प्राथमिक विद्यालयों के लिए 33.15 लाख और 33 माध्यमिक विद्यालयों के लिए 19.75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। अंबाला-II छावनी के 91 प्राथमिक विद्यालयों को 28.50 लाख और 23 माध्यमिक विद्यालयों को 14.25 लाख रुपये दिए गए हैं। इसी तरह बराड़ा खंड के 91 प्राथमिक विद्यालयों के लिए 19.65 लाख और 30 माध्यमिक विद्यालयों के लिए 14.50 लाख रुपये, नारायणगढ़ के 114 प्राथमिक विद्यालयों के लिए 23.95 लाख और 20 माध्यमिक विद्यालयों के लिए 12 लाख रुपये जारी किए गए हैं। साहा खंड के 82 प्राथमिक विद्यालयों को 18 लाख और 23 माध्यमिक विद्यालयों को 10.50 लाख, शहजादपुर के 84 प्राथमिक विद्यालयों को 18.05 लाख और 15 माध्यमिक विद्यालयों को नौ लाख रुपये का अनुदान मिला है।

मरम्मत व अन्य सुविधाओं को मिलेगी प्राथमिकता

अनुदान की 70 से 80 प्रतिशत राशि स्कूलों के अन्य विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। इसमें भवनों की छोटी-मोटी मरम्मत, बिजली-पानी और इंटरनेट बिलों का भुगतान, कार्यालय स्टेशनरी, पेयजल व शौचालयों की व्यवस्था और गैर-क्रियाशील उपकरणों की मरम्मत शामिल है। एमडीएम किचन और साइंस लैब में दो अग्निशमन यंत्र लगाना भी अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा स्कूल परिसर को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अनुकूल बनाने, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और एसएमसी बैठकों के आयोजन पर भी राशि खर्च की जा सकेगी

स्वच्छता-शिक्षण सामग्री पर खर्च होगी राशि

राज्य परियोजना निदेशक स्वप्निल रविंद्र पाटिल की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, अनुदान के उपयोग के लिए अलग-अलग श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। कुल ग्रांट का 10 प्रतिशत हिस्सा स्वच्छता कार्य योजना के तहत खर्च किया जाएगा। इसमें शौचालयों का रखरखाव, कचरा प्रबंधन, सुरक्षित पेयजल, सैनिटाइजेशन, हाथ धोने की व्यवस्था और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से जुड़े कार्य शामिल हैं। प्राथमिक विद्यालयों में सभी विषयों के लिए अनुदान का 20 प्रतिशत हिस्सा शिक्षण सहायक सामग्री (टीएलएम) खरीदने पर खर्च होगा। वहीं, माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में गणित व विज्ञान को छोड़कर अन्य विषयों के लिए 10 प्रतिशत राशि टीएलएम पर खर्च की जाएगी। खरीदी जाने वाली सामग्री गैर-उपभोग्य होगी और उसे स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005